

बुधवार को दूसरी रिपोर्ट लेकर आयोग पहुंचे एडीएम प्रशासन और एसपी ग्रामीण

फतवे पर दूसरी जांच रिपोर्ट से भी बाल संरक्षण आयोग असंतुष्ट

गजवा-ए-हिंद

दारुल उलूम की वेबसाइट पर

सहारनपुर, कार्यालय संवाददाता। दारुल उलूम के गजवा-ए-हिंद पर 15 वर्ष पुराने फतवे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी बुधवार को बाल अधिकार संरक्षण आयोग में पेश हुए।

आयोग ने दूसरी जांच रिपोर्ट पर भी आपत्ति जताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। आयोग ने प्रशासन की ओर से गए एडीएम प्रशासन व एसपी देहात को तीन सप्ताह का समय देकर नई जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस बार जांच में कई नए बिंदु भी शामिल किए गए हैं। ऐसा दूसरी बार हुआ जब जांच रिपोर्ट को लेकर आयोग संतुष्ट नहीं हो सका।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से सहारनपुर के डीएम व एसएसपी को 21 फरवरी को एक पत्र लिखा गया था, जिसमें मदरसा दारुल उलूम की वेबसाइट पर आपत्तिजनक फतवे (गजवा-ए-हिंद) का उल्लेख किया गया था। मामले में प्रशासनिक अफसरों को फतवे का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। प्रकरण में एसडीएम देवबंद व सीओ देवबंद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जांच सौंपी गई थी। छह मार्च को जांच रिपोर्ट तैयार कर आयोग को भेजी गई थी, जिसमें मुकदमा दर्ज न करने समेत अन्य पहलुओं का उल्लेख किया गया था। आयोग ने प्रशासन की रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए पुनः जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये थे। साथ ही निर्देशित किया था कि अधिकारी स्वयं जांच रिपोर्ट लेकर आयोग में पेश हों।

फतवे में इस्तेमाल किताब भी जांच की जद में

दारुल उलूम ने 15 साल पहले फतवे का जवाब जिस किताब के आधार पर दिया था अब उसकी भी जांच होगी। प्रशासनिक अफसरों ने आयोग के नए निर्देशों के बाद इसकी पड़ताल तेज कर दी है। प्रकरण में दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी पहले ही अपना स्पष्टीकरण देकर कह चुके हैं कि फतवा पुराना है। उक्त फतवा हदीस की किताब के हवाले से दिया गया था। जो आज भी उनकी वेबसाइट पर मौजूद है। जिलाधिकारी ने बताया कि नई जांच रिपोर्ट में अब उस किताब का जिक्र भी किया जाएगा।

प्रकरण में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट आयोग के सामने पेश की है। नए निर्देशों का पालन किया जाएगा।

डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी, सहारनपुर

गजवा-ए-हिंद प्रकरण में प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम आयोग पहुंची थी, लेकिन आयोग ने दूसरी रिपोर्ट पर भी कुछ आपत्ति लगाई है। अब तीन सप्ताह का समय दिया है। नए सिरे से जांच रिपोर्ट तैयार कर आयोग के समक्ष रखी जाएगी।

डॉ. दिनेश चंद्र, डीएम, सहारनपुर

सड़क पर हादसे के बाद मौके पर खड़ी बस को हटवाती पुलिस। • हिन्दुस्तान

रोडवेज ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन की मौत

दाहा, संवाददाता। बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग पर बुधवार की दोपहर रोडवेज बस ने बामनौली गांव के पास दो अलग अलग बाइक सवारों को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

बुधवार को सड़क हादसे में मरने वालों में गुड्डू पुत्र रामफल और आकाश उर्फ आशु पुत्र रामभगत निवासी गांव बामनौली और दूसरी बाइक पर मौजू मिस्त्री पुत्र शमशुदीन निवासी टीकरी शामिल है। तीनों युवक दो बाइकों पर सवार होकर बड़ौत की ओर किसी काम से जा रहे थे। जब वे बामनौली गांव की पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तो सामने से तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने पहले बामनौली निवासी गुड्डू, आकाश की बाइक में टक्कर मार दी।

जिसके बाद टीकरी निवासी मौजू की बाइक में टक्कर मारकर उसे कुचल दिया। जिससे तीनों बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने मृत युवकों की शिनाख्त गुड्डू पुत्र रामफल और आकाश उर्फ आशु निवासी बामनौली व मौजू मिस्त्री निवासी टीकरी के रूप में की।

शहर 30s

कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

मेरठ। बुधवार को कमालपुर गांव के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आवास विकास परिषद द्वारा आबादी की जमीन का अवार्ड करने पर आक्रोश जताया। कहा कि उनकी जमीन को पुनः अवार्ड के जरिए आवास विकास अधिकारी लिंक रोड के लिए एडीएम एलए के माध्यम से लेना चाहते हैं। डीएम से मांग की है कि भौतिक रूप से जांच कराकर अवार्ड की कार्रवाई को निरस्त कराया जाए। प्रवीन वशिष्ठ, अनिल शर्मा, सीएम निमेष एडवोकेट, शौराज कुमार, धर्मेंद्र कुमार रहे।

पीपीएफ खाते में जमा धन के भुगतान का आदेश

मेरठ। स्थाई लोक अदालत की अध्यक्ष रीता सिंह व सदस्य अनिता राणा और डॉ. अलका रानी ने एक पीएलए वाद में विपक्षी पोस्ट ऑफिस को पीपीएफ खाते में जमा आठ लाख सात सौ 61 रुपए आवेदक प्रदीप कुमार और उनके भाई मनोज कुमार को आधा-आधा देने का आदेश पारित किया। प्रदीप कुमार ने दिनांक 12 जून 2018 को विपक्षी पोस्ट ऑफिस के विरुद्ध उनके मृतक पिता राजेश्वर प्रसाद के पीपीएफ खाते में जमा धन राशि को लौटने हेतु वाद प्रस्तुत किया था।

कृषि विवि में कल जुटेंगे राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक

मोदीपुरम। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कृषि पद्धतियों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। बुधवार को आयोजित बैठक में कुलपति प्रो. केके सिंह ने बताया कि संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु 21 समितियां गठित कर दी हैं। कुलपति ने सभी समितियां के कार्यों की समीक्षा की। राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, अस्पताल में भर्ती

मेरठ। लालकुर्ती थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि एक महिला को मामूली चोट आई। दोनों युवकों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। एसओ इंदु वर्मा ने बताया कि बुधवार रात माल रोड से सटे इंडियाना बार के निकट आमने सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी। एक बाइक पर गढ़ रोड निवासी अभिषेक तो दूसरी पर बीआई लाइन निवासी मनीष एक महिला के साथ मौजूद था।

बूढ़ी गंगा के पुनरुद्धार को कार्ययोजना बनाएं

मेरठ। जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला वेटलैंड समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम दीपक मीणा ने प्रदूषण विभाग को जनपद में संचालित एसटीपीओ की मॉनिटरिंग के लिए समिति का गठन करने, पंचायत विभाग को गंगा किनारे गंगा वाटिकाओं के निर्माण के लिए स्थान को चिन्हित करने के निर्देश दिए। बूढ़ी गंगा के पुनरुद्धार के लिए सिंचाई विभाग को कार्य योजना बनाकर जिला गंगा समिति को प्रस्तुत करने को कहा। बैठक की अध्यक्षता डीएम दीपक मीणा और संचालन डीएफओ राजेश कुमार ने किया।

सैनी समाज ने मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सैनी समाज के छात्रों एवं युवाओं ने दिवाकर सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर ढोल-नगाड़ों के साथ लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। दिवाकर सैनी ने कहा कि सैनी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन है। योगेश सैनी, मयंक सैनी, तुषार सैनी, विनय सैनी, रिंकू सैनी, तनिश सैनी, विशाल सैनी, अवकाश सैनी, अनुज सैनी, अंकित सैनी, अरुण सैनी, कुलदीप सैनी, नितिन सैनी, रोहित रहे।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का स्थापना दिवस

मेरठ। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन मेरठ इकाई ने ऑल इंडिया लायर्स यूनियन का 42वां स्थापना दिवस पंडित नानक सभागार कचहरी मेरठ में मनाया। इकाई के पहले सचिव और संस्थापक सदस्य मुनेश त्यागी एडवोकेट ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए 1982 में एआईएलयू का गठन किया गया था। एआईएलयू का गठन जनतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और न्याय के सिद्धांतों और संविधान की रक्षा करने के लिए किया गया था।

छात्रों के दो गुटों में मारपीट तमंचा लेकर दौड़ा युवक

मोदीपुरम, संवाददाता। दो माह पूर्व पल्लवपुरम में कबड्डी मैच के दौरान हुए विवाद के चलते बुधवार को एक बार फिर से मारपीट हो गई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान एक युवक दूसरे पक्ष के दो युवकों को जान से मारने की नियत से तमंचा लेकर उसके पीछे दौड़ पड़ा। बाजार में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों पक्ष फरार हो चुके थे।

पल्लवपुरम फेज-दो निवासी छात्रों के दो गुटों के बीच दो माह पहले कबड्डी मैच था। इस दौरान दोनों गुटों के बीच गाली गलौज के बाद झड़प हुई थी तब कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था। बुधवार को दोनों गुट पल्लवपुरम फेज-दो में पल्हैड़ा रोड स्थित स्टार प्लाजा के पास आमने-सामने आ गए, जहां एक दूसरे से टिप्पणी करने के दौरान मारपीट हो गई। सरेराह हुई मारपीट से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एक गुट के दो युवक वहां से भाग निकले जिनके पीछे दूसरे गुट का एक युवक गोली मारने को तमंचा लेकर दौड़ा। हालांकि, भाग रहे दोनों युवक गलियों में से होकर भाग गए। आसपास के दुकानदार और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि पल्लवपुरम फेज-वन, फेज-दो और रुड़की रोड पर आए दिन युवकों के गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर झगड़े होते रहते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छात्रों के घर पहुंच गई, जहां से वह भाग गए। पल्लवपुरम थानाध्यक्ष मुन्नेश सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों के युवक 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र हैं। सभी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए चेतावनी दी जा रही है। आपस में समझौते का प्रयास चल रहा है।

आमने सामने आए छात्रगुट दो तमंचों संग पांच दबोचे

सरधना। बुधवार दोपहर संत चार्ल्स चौराहे पर दो छात्र गुट आमने सामने आ गए। कुछ के पास लोहे की रॉड थी तो कोई तमंचा लेकर पहुंचा था। इससे पहले कि छात्रगुटों में खूनखराबा होता पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख मौके पर भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने पांच युवकों को धर दबोचा। जिनके पास से तमंचे और लोहे की रॉड बरामद हुई। पुलिस ने पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दसवीं की परीक्षा देने आए छात्र का सिर फोड़ा

कंकरखेड़ा। बुधवार दोपहर कंकरखेड़ा हाईवे स्थित एक स्कूल में दसवीं की परीक्षा देने खेड़ी गांव निवासी आर्यन पुत्र राहुल आया था। परीक्षा देने के बाद आर्यन स्कूल से बाहर निकला तभी दूसरे पक्ष के छात्र ने लगभग पांच से छह साथियों के साथ उस पर हॉकी डंडों से हमला बोल दिया जिसमें आर्यन को गंभीर चोटें आई।

मासूम बेटे को लेकर ट्रेन से कटी महिला

दर्दनाक

- भरतिया कॉलोनी की थी महिला, सूचना पर हरिद्वार से मायके वाले भी पहुंचे

मुजफ्फरनगर, संवाददाता। रेशू विहार फाटक के पास एक महिला पहले काफी देर तक अपने बच्चे को गोद में लेकर निहारती रही और फिर अचानक ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। मां व बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। प्रथम दृष्टया गृहक्लेश में महिला के बेटे सहित जान देने की बात सामने आ रही है।

बुधवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि रेशू विहार फाटक के पास एक महिला ने अपने पांच साल के बेटे को गोद में लेकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी है। महिला की शिनाख्त रीतू तोमर पत्नी विनोद कुमार निवासी भरतिया कालोनी के रूप में हुई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गया था।

थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया महिला का मायका हरिद्वार के मोहम्मदपुर में है। उसके मायके के लोग भी पहुंच गए। थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गयी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना कि महिला अपने बेटे को गोद में लिए काफी देर से रेलवे लाइन किनारे बैठी हुई थी।

रेत लेकर जा रहे युवक की गोलियां बरसा कर हत्या

बड़ौत/बिनौली। बड़ौत-अमीनगर सराय मार्ग पर बिजवाड़ा गांव के पास मंगलवार की देर रात गांव से रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मेरठ की ओर जा रहे युवक की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। फतेहपुर पुट्टी निवासी राहुल पुत्र प्रेमपाल उम्र 30 साल मंगलवार की देर रात रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर मेरठ की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि जब वह गांव से दो किलोमीटर दूर स्थित अभिषेक कटारिया स्कूल के पास पहुंचा तो, वहां पर पहले से ही मौजूद कुछ लोगों ने उसे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

खतौली में मिला कोरोना का केस

मुजफ्फरनगर। जनपद में जांच को लेकर विभाग सतर्क हुआ तो मरीजों में कोविड की पुष्टि होनी शुरू हो गई है। बुधवार को मारपीट मामले में जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती खतौली का युवक कोरोना पॉजिटिव मिला। कोरोना पॉजिटिव मरीज को मेरठ रेफर किया गया है।

खतौली कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात एक झगड़ा हो गया था। इसमें करीब 35 वर्षीय घायल युवक को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

भर्ती मरीज के उपचार के दौरान कोविड की जांच के लिए बुधवार सुबह कोविड की एंटीजन जांच कराई गई। जांच में मरीज में कोविड की पुष्टि हुई, जिसके बाद स्टाफ ने चुपचाप मरीज की अन्य जांच पूरी करा दी।

जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन को जेल भेजा

शिकंजा

- पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान के पुत्र हैं अमित
- जानलेवा हमले मामले में नहीं हुए थे पेश

बिजनौर, संवाददाता। कोर्ट ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य पर जानलेवा हमला करने के मामले में जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन को जेल भेजा है। मामले में पूर्व मंत्री, उनके पुत्र डीसीबी के पूर्व चेयरमैन समेत छह लोगों तलब किया था, लेकिन वे कोर्ट में दाखिल नहीं हुए थे। पूर्व चेयरमैन ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां से सीजेएम अभिनव यादव ने उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए।

बिजनौर कोतवाली नगर के गांव रसीदपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य छतर सिंह ने पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान, उनके पुत्र जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित प्रताप सिंह, पूर्व राज्यमंत्री मनोज पारस, बढ़ापुर विस से सपा के पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और झालू नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नसरीन सैफी के पति रफी सैफी के खिलाफ चांदपुर कोर्ट में जानलेवा हमले समेत कई धाराओं में परिवाद दाखिल किया था। मामले में मूलचंद चौहान पहले ही कोर्ट में पेश हो चुके थे, जबकि अन्य हाजिर नहीं हुए थे।

युवक से धोखाधड़ी कर कुवैत में चरवाई गईं बकरियां

बिजनौर। कुछ लोगों ने पैसे लेकर एक युवक को डिलीवरी बॉय के वीजा पर कुवैत भिजवा, जहां उससे डिलीवरी बॉय की जगह बकरियां चरवाई गईं। पीड़ित युवक ने कोर्ट में तहरीर दी है।

आमिर खान पुत्र यामीन निवासी कुरी बांगर ने बताया कि वह दसवीं पास है और अच्छे रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। उसकी पहचान शहजाद से हुई, जिसने उसे फैजल व फैजान से मिलवाया। तीनों ने आमिर से 1.35 लाख रुपये लेकर 13 सितंबर 2022 को कुवैत भिजवा दिया। वहां उसे डिलीवरी बॉय की नौकरी मिलेगी लेकिन कुवैत पहुंचने पर शेख उसे घने जंगल में ले गया और बकरियां चरवाने के काम पर लगा दिया।

गोलीबारी मामले में सहारनपुर से 14 आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। पंजाब के लुधियाना में हुई दो गैंग के बीच गोलीबारी के अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस ने सहारनपुर में दबिश दी।

कुतुबशेर पुलिस की मदद से मुकदमे में नामजद 9 अभियुक्तों समेत 14 को एक मकान से पकड़ा गया है। अभियुक्तों पर 21 फरवरी को लुधियाना में दूसरे पक्ष पर गोलीबारी करने के आरोप हैं। थाना कुतुबशेर में लिखा पढ़ी करने के बाद पंजाब पुलिस सभी को लुधियाना ले गई है।

पुलिस के मुताबिक, लुधियाना निवासी अमरजीत गोल्डी उर्फ सिब्बल और शुभम लाटरी का काम करते हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी समय से वर्चस्व की जंग चल रही है। 21 फरवरी को दोनों पक्षों के बीच पांच लाख रुपये को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक युवकों ने एक दूसरे पर हमला किया था। जिसमें कई राउंड फायरिंग की गई थी।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु अल्पकालिक ई-निविदा दो भागों (प्रथम एवं द्वितीय) में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। अधोलिखित आमन्त्रित ई-निविदा में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 30.03.2024 एवं समय 12:00 बजे होगी एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि 30.03.2024 एवं समय 15:00 बजे निर्धारित है। (1) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-102/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: उपखण्ड अधिकारी (जानपद) विद्युत जानपद वितरण उपखण्ड-प्रथम, मेरठ हेतु डीजल चलित वाहन (चालक सहित) किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य। निविदा शुल्क रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 5,200.00। (2) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-103/वि0जा0वि0मं0 3/वि0जा0वि0मं0/मेरठ /मेरठ/2023-24: 202 वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवासीय कालोनी विक्टोरिया पार्क, मेरठ के वार्षिक जानपदीय अनुरक्षण कार्य। निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 70,000.00। (3) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-104/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विभिन्न अनावासीय भवनों एवं परिसर के वार्षिक जानपदीय अनुरक्षण कार्य। निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 29,000.00। (4) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-105/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित विद्युत प्रशिक्षण संस्थान एवं कमेटी रूम के वार्षिक संचालन हेतु केयरटेकर, कैटरिंग एवं साफ-सफाई इत्यादि कार्य। निविदा शुल्क रु0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 35,000.00। (5) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-106/वि0जा0वि0मं0 /मेरठ /2023-24रू वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला सहारनपुर के अन्तर्गत घंटाघर, सहारनपुर परिसर में स्थित आवासी एवं अनावासीय भवनों के वार्षिक जानपदीय अनुरक्षण कार्य। निविदा शुल्क रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 17,000.00। (6) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-107/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित हाइडिल कालोनी एवं कार्यालय परिसर की वार्षिक साफ-सफाई का कार्य। निविदा शुल्क रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 15,000.00। (7) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-108/वि0जा0वि0मं0 /मेरठ /2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित हाइडिल कालोनी स्थित अनावासीय भवनों एवं अति विशिष्ट आवासों के वार्षिक विद्युतीय अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। निविदा शुल्क रु0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 15,000.00। (8) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-109/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित हाइडिल कालोनी में स्थित विभिन्न पार्क एवं लॉन इत्यादि का वार्षिक रख-रखाव सम्बन्धी कार्य। निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 32,000.00। (9) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-110/वि0जा0वि0मं0/मेरठ/2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित हाइडिल कालोनी में स्थित आवासीय परिसर में मच्छरों से रोकथाम हेतु वार्षिक फॉगिंग, एन्टीलॉर्वा छिड़काव एवं अन्य विविध पेस्ट कन्ट्रोल सर्विसेज सम्बन्धित वार्षिक अनुरक्षण कार्य। निविदा शुल्क रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रु0 11,000.00। (10) निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-111/वि0जा0वि0मं0/मेरठ /2023-24: वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित हाइडिल कालोनी एवं कार्यालय परिसर में जलापूर्ति सम्बन्धी वार्षिक रख-रखाव, संचालन एवं अनुरक्षण सम्बन्धित कार्य। निविदा शुल्क रु0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 4,000.00। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड, अन्य संशोधन, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं विस्तारीकरण/शुद्धिकरण आदि सम्बन्धी सूचनाओं हेतु www.pvvnl.org एव E-Tendering website www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें। ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें'' अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद वितरण मण्डल विक्टोरिया पार्क, मेरठ। बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें: 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ) पत्रांक 263 दिनांक 13.03.2024

UTTARAKHAND CIVIL AVIATION DEVELOPMENT AUTHORITY
Doon Helidrome Dehradun, Sahastradhara Road, P.O Kulhan, Pincode-248013 Tel. 0135 2608981
Letter No. 529/UCADA/Kathmandu/2024 Date: 13 Mar, 2024

TENDER FOR SELECTION OF AN AIRLINE FOR DIRECT FLIGHTS BETWEEN DEHRADUN AND KATHMANDU

1. Date of downloading tender document at uktenders.gov.in	14/03/2024 Time 12:00 HRS
2. Pre bid meeting	19/03/2024 Time 11:30 HRS
3. Last Date for submission of Tender	28/03/2024 Time 16:00 HRS
4. Date of opening of Technical Bid	28/03/2024 Time 17:00 HRS
5. Last date for submission of documents physically at UCADA	28/03/2024 Time 17:00 HRS

6. Date of opening of financial bids:- Shall be intimated later by email to the technically qualified bidders.

For more details, please visit uktenders.gov.in / official website www.ucada.in /Uttarakhand Civil Aviation Development Authority, Doon Helidrome, Mussoorie by pass P.O- Kulhan, Dehradun, Uttarakhand 248013

CEO, UCADA

कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।
पत्रांक 3209/मु0वि0प्रा0/प्रकाशन/2023-24 दिनांक 13/3/2024

अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के क्षेत्रान्तर्गत निर्माण/विकास कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी फर्म/राजकीय विभागों में उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से सपठित नियम शर्तो के अधीन ई-निविदाएं https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित है तथा ई-निविदाओं को डाउनलोड/अपलोड किये जाने की तिथि ई-निविदा आमन्त्रण सूचना में कार्यो के सम्मुख डाउनलोड/अपलोड एवं ई-निविदा खोले जाने की तिथि अंकित की गई है। कार्यो/निविदाओं एवं शर्तो का विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट www.mdamuzaffarnagar.org पर भी देखा जा सकता है।

सचिव,
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ वृत्त, लो0नि0वि0, मेरठ

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा सूचना) तृतीय आमंत्रण

पत्रांक 1178/11 कैम्पियर (प्रा0ख0मेरठ) मे0वृ0 23-24 दिनांक:- 11.03.2024

1- महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मेरठ	मेरठ [illegible] मार्ग के कि0मी0 34 व 35 में सामान्य मरम्मत के साथ बी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य।	70.00	5.50	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य
2	मेरठ	मेरठ परीक्षितगढ़ आसिफाबाद मार्ग के कि0मी0 9,10,13,16 में सामान्य मरम्मत के साथ बी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य	92.40	6.62	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य
3	मेरठ	गढ़ मेरठ बागपत सोनीपत मार्ग [illegible] से [illegible] होते हुये आसिफाबाद मार्ग के कि0मी0 1,2,3(950),4,5,6(400),7,8,9,10,11,12(200) में सामान्य मरम्मत के साथ पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य।	94.60	6.73	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य
4	मेरठ	मवाना दयालपुर मार्ग के कि0मी0 1(250),1(190),1(330),1(230),2,3,4,5,6,8,9,11,12,13(100) में सामान्य मरम्मत के साथ पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य।	98.35	6.92	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य
5	मेरठ	आसिफाबाद मिश्रीपुर मार्ग के कि0मी0 5,6(600),7,8(200),10,11,12,13(700),14(300) में सामान्य मरम्मत के साथ पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य	64.05	5.20	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य
6	मेरठ	मवाना [illegible] मार्ग [illegible] होते हुए मेरठ आसिफाबाद मार्ग के कि0मी0 1(700),2,3,4(700),5(600),7(200),8(600),9,10,12(800),13,14(200) में सामान्य मरम्मत के साथ पी0सी0 से नवीनीकरण का कार्य।	84.01	6.20	2000+300+ GST 18%= 2714.00	02 माह	ए,बी, मार्ग कार्य

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करों को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदा में निविदा शुल्क (कॉलम नं0 06 के अनुसार) ऑन लाइन अथवा नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात यू0टी0आर0 प्रति रसीद के रूप में ही मान्य होगी।

2. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है।
3. बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http: etender.up.nic.in पर दिनांक 19.03.2024 से 26.03.2024 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 26.03.2024 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.03.2024 को समय अपरान्ह 12.30 बजे ऑन लाइन खोली जायेगी।
4. निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग प्राधिकरण द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
5 शासनादेश संख्या-879(1)/23-7-2020पी0डब्लू0अनु0-07 लखनऊ दिनांक 25.08.20 के आदेशानुसार [illegible] के माध्यम से निविदा डालने हेतु पंजीकरण कराना आवश्यक होगा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
मेरठ।

UP: 205499 Dt.: 13.03.2024
Website: www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
मेरठ वृत्त, लो0नि0वि0,
मेरठ।
Email scpwdmrt01@gmail.com

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
47वॉ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अति अल्पकालीन निविदा)

पत्रांक:682 उडब्लू(ई0)(नरठ) 47/2023-24 दिनांक: 08.03.2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 19.03.2024 प्रातः 11:00 बजे से 26.03.2024 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.03.2024 में ही अपराह्न 12.30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में बिड उसी क्रम में समय अनुसार अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैं।

क्रम सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख मात्र में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित	क्षेत्र का नाम	अधिशासी अभियन्ता का पता	निविदा हेतु पात्रता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	जनपद मेरठ में डी0एम0 कम्पाउण्ड में टाइप चतुर्थ के आवास सं0 5,6,7 व 8, की विशेष मरम्मत के अन्तर्गत पुनः विद्युतीकरण का कार्य।	13.49 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)	1.35	06 माह	854.00 (जी0एस0टी0 सहित)	मेरठ	अधिशासी अभियन्ता, विद्युत खण्ड लो0नि0वि0 मेरठ।	लो0नि0वि0 में [illegible] श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार जिनके पास राजकीय भवनों में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव हो।
2	जनपद मोहम्मदपुरनगर? में क्षेत्रीय [illegible] प्रक्रिया केन्द्र में विद्युतीकरण, फायर फाइटिंग, नेटवर्किंग, ऑडियो/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम एवं डी0जी0 सैट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। (Part A- Electrical Work)	14.33 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)	1.44	06 माह	854.00 (जी0एस0टी0 सहित)	गौतम बुद्ध नगर	तदैव	लो0नि0वि0 में [illegible] श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार जिनके पास राजकीय भवनों में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव हो।

> निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.03.2024 प्रातः 11 बजे से दिनांक 26.03.2024 दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक निविदादाता अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट पर लॉगिन करें।

शासनादेश सं0 1/2016/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2071(22), दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकि बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तो तथा विवरण वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत खण्ड, लो0नि0वि0,
मेरठ

UP: 205497 Dt.: 13.03.2024
Website: www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता,
47वॉ/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद